एसी की डिमांड फिर बढ़ने लगी, 20% तक बढ़ सकती है बिक्री

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

देश में अब तक गर्मी ज्यादा नहीं बढ़ी है, लेकिन एसी की मांग बढ़ने लगी है। रेटिंग एजेंसी इक्रा का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में एसी की बिक्री 15-20% बढ़ सकती है। डेटा एजेंसी स्टेटिस्टा के मुताबिक, बीते वित्त वर्ष करीब 1 करोड़ एसी बिके। इस वित्त वर्ष ये आंकड़ा 1 करोड़ से भी ऊपर निकल सकता है। कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स एंड अप्लायंसेस मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के प्रेसिडेंट एरिक ब्रेगेंजा ने कहा कि एसी की बिक्री में 20% बढ़ोतरी के साथ चालू वित्त वर्ष में व्हाइट गुड्स इंडस्ट्री 15-20% ग्रोथ की उम्मीद कर रही है। वोल्टास के मुताबिक इस साल पीएलआई स्कीम के तहत उनकी कंपनी 350-400 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। अगले कुछ वर्षों में एसी कंपोनेंट के आयात पर निर्भरता घटकर 20-30% पर आ सकती है।

पीएलआई स्कीम से घटेंगे दाम, पर समय लगेगा

गोदरेज अप्लायंसेज के बिजनेस हेड और ईवीपी कमल नंदी ने कहा कि एसी के लिए सरकार की पीएलआई स्कीम से घरेलू मैन्युफैक्चरिंग बढ़ी है। हालांकि एसी की कीमतों में कमी आने में समय लगेगा।